Amar Ujala Dt:27/11/2026

29 को 74 परीक्षा केंद्रों पर अध्यापक पात्रता परीक्षा होगी, एडमिट कार्ड जारी

सुबह और शाम के सत्र में केंद्रों पर 9012 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से 29 नवंबर को दो सत्रों में अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट) आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में कुल 74 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें सुबह के सत्र में 48 केंद्रों पर 6448 और दूसरे सत्र में 26 केंद्रों पर 2564 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। बोर्ड ने परीक्षा के एडमिट कार्ड अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।



शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि सुबह के सत्र में टीजीटी नॉन मेडिकल विषय की टेट परीक्षा आयोजित होगी। इसके लिए 45 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 6315 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसी सत्र में स्पेशल एजुकेटर (कक्षा छठी से 12वीं) की परीक्षा भी होगी। इसके लिए तीन केंद्रों पर 133 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि दूसरे सत्र में टीजीटी संस्कृत और स्पेशल एजुकेटर (प्री-प्राइमरी से पांचवीं कक्षा) विषय की परीक्षा होगी।

टीजीटी संस्कृत के लिए 23 केंद्रों पर 2066 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे, जबकि स्पेशल एजुकेटर टेट के लिए तीन केंद्रों पर 498 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठेंगे। अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें आवेदन संख्या और जन्मतिथि दर्ज करनी होगी। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। ब्यूरो

पंजाब केसरी
FRI,27 NOVEMBER 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जारी किए 4 विषयों के टैट एडमिट कार्ड

29 नवम्बर को 74 केंद्रों पर 9,012 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

धर्मशाला, 26 नवम्बर (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टैट) नवम्बर-2026 के तहत 4 प्रमुख विषयों की परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर गुरुवार से प्रवेश पत्र अपलोड कर दिए गए हैं।

29 नवम्बर को होने वाली इस एकदिवसीय परीक्षा में प्रदेशभर के कुल 9,012 अभ्यर्थी भाग लेंगे, जिनके लिए बोर्ड की ओर से 74 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। परीक्षा का संचालन सुबह और शाम के 2 अलग-अलग सत्रों में किया जाएगा और प्रत्येक पेपर की अवधि अढ़ाई घंटे रहेगी।

परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार सुबह के सत्र में 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक टी.जी.टी. नॉन-मैडीकल और स्पैशल एजुकेटर की परीक्षा होगी वहीं, शाम के सत्र में दोपहर 2 बजे से 4.30 बजे तक टी.जी.टी. संस्कृत और स्पैशल एजुकेटर (प्री-प्राइमरी से 5वीं) की परीक्षा ली जाएगी।

> टी.जी.टी. नॉन-मैडीकल, टी.जी.टी. संस्कृत और दोनों श्रेणियों के स्पैशल एजुकेटर टैट के प्रवेश पत्र वैबसाइट पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं। सभी अभ्यर्थी अंतिम समय की हड़बड़ी से बचने के लिए समय रहते निर्धारित समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचें।
>
> – डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड



Amar Ujala Dt: 27/11/2026 Published by Dept. of School Education

छात्रवृत्ति के लिए सामान्य वर्ग में 423 और ओबीसी में 416 अंक वाले पात्र

नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर 30 नवंबर तक कर सकेंगे आवेदन

धर्मशाला। मार्च 2026 की परीक्षा में सामान्य वर्ग के 423 और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के 416 अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी केंद्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति योजना के लिए पात्र होंगे। अनुसूचित जाति (एससी) के लिए 410, अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए 414 और दिव्यांग श्रेणी के लिए 399 अंक की कटऑफ निर्धारित की गई है। पात्र विद्यार्थी पीएम-यूएसपी केंद्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति योजना के तहत 30 नवंबर तक नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।



हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। नए अभ्यर्थियों के साथ पहले से छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे विद्यार्थी भी नवीनीकरण के लिए आवेदन कर सकेंगे। शैक्षणिक सत्र 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थी निर्धारित समय सीमा के भीतर नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

बोर्ड ने मार्च 2026 की परीक्षा के परिणाम के आधार पर विभिन्न श्रेणियों के शीर्ष 20 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए कटऑफ अंक तय किए हैं। इसके तहत सामान्य वर्ग के लिए 423, एससी के लिए 410, ओबीसी के लिए 416, एसटी के लिए 414 और दिव्यांग श्रेणी के लिए 399 अंक निर्धारित किए गए हैं। ब्यूरो

Himachal Dastak Dt. 27-11-2026

29 को होगी 4 विषयों की टेट परीक्षा

9,012 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा, बोर्ड ने जारी किए प्रवेश पत्र, 74 परीक्षा केंद्र बनाए

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित की जाने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) नवंबर-2026 के तहत 4 प्रमुख विषयों के अभ्यर्थियों का इंतजार खत्म हो गया है। बोर्ड ने आगामी 29 नवंबर को होने वाली इन परीक्षाओं के लिए एडमिट कार्ड अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। इस परीक्षा में प्रदेशभर के कुल 9,012 अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमाएंगे, जिसके लिए बोर्ड द्वारा पुख्ता इंतजाम करते हुए कुल 74 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं।

बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि टीजीटी नॉन-मेडिकल, टीजीटी संस्कृत, स्पेशल एजुकेटर (कक्षा छठी से बारहवीं) और स्पेशल



एजुकेटर (प्री-प्राइमरी से कक्षा पांचवीं) विषयों के प्रवेश पत्र बीरवार, 26 नवंबर से ऑनलाइन उपलब्ध करा दिए गए हैं। ये सभी परीक्षाएं 29 नवंबर को 2 अलग-अलग सत्रों में संपन्न होंगी और प्रत्येक परीक्षा की अवधि अढ़ाई घंटे (2 घंटे 30 मिनट) निर्धारित की गई है। परीक्षा के शेड्यूल के अनुसार, प्रातःकालीन सत्र में सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक टीजीटी नॉन-मेडिकल और स्पेशल एजुकेटर (छठी से बारहवीं) की परीक्षा ली जाएगी। इसमें टीजीटी नॉन-मेडिकल के सर्वाधिक 6,315 अभ्यर्थी 45 केंद्रों पर तथा स्पेशल एजुकेटर के 133 अभ्यर्थी 3 केंद्रों पर परीक्षा देंगे। वहीं, सायंकालीन सत्र में दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे तक टीजीटी संस्कृत और स्पेशल एजुकेटर (प्री-प्राइमरी से पांचवीं) की परीक्षा आयोजित होगी। इसमें टीजीटी संस्कृत के 2,066 परीक्षार्थी 23 केंद्रों में और स्पेशल एजुकेटर के 498 परीक्षार्थी 3 परीक्षा केंद्रों में बैठेंगे।

बोर्ड अध्यक्ष ने अभ्यर्थियों से समय रहते प्रवेश पत्र डाउनलोड करने और उस पर दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। किसी भी समस्या के लिए हेल्पलाइन नंबर 01892-242192 पर संपर्क किया जा सकता है।

Dainik Bhaskar Dt: 27/11/2026

29 को चार विषयों का टीईटी देंगे 9012 अभ्यर्थी

धर्मशाला| हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 29 नवंबर को होने वाली टीईटी नवंबर-2026 के एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। प्रदेशभर के 9012 अभ्यर्थियों के लिए 74 केंद्र बने हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा के अनुसार, टीजीटी नॉन-मेडिकल, टीजीटी संस्कृत और दो स्पेशल एजुकेटर श्रेणियों के प्रवेश पत्र 26 नवंबर से www.hpbose.org पर उपलब्ध हैं। परीक्षाएं 29 नवंबर को ढाई-ढाई घंटे के दो सत्रों में होंगी। सुबह 10 से 12:30 बजे तक टीजीटी नॉन-मेडिकल (6315 अभ्यर्थी, 45 केंद्र) व स्पेशल एजुकेटर 6वीं-12वीं (133 अभ्यर्थी, 3 केंद्र), जबकि दोपहर 2 से 4:30 बजे तक टीजीटी संस्कृत (2066 अभ्यर्थी, 23 केंद्र) व स्पेशल एजुकेटर प्री-प्राइमरी-5वीं (498 अभ्यर्थी, 3 केंद्र) की परीक्षा होगी। एप्लीकेशन नंबर व जन्मतिथि से कार्ड डाउनलोड करें।

Devbhoomi mirror Dt: 27/11/2026

छात्रवृत्ति के लिए श्रेणीवार कटऑफ तय, 30 नवंबर तक कर सकेंगे आवेदन

दीपा आजाद / देवभूमि मिरर

शिमला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पीएम-यूएसपी केंद्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। योजना का लाभ लेने के इच्छुक पात्र विद्यार्थी 30 नवंबर तक नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इस बार नए अभ्यर्थियों के साथ पहले से छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को भी नवीनीकरण का मौका दिया गया है। बोर्ड ने मार्च 2026 की परीक्षा के परिणाम के आधार पर विभिन्न श्रेणियों के शीर्ष 20 प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए कटऑफ अंक निर्धारित किए हैं। इसके अनुसार सामान्य वर्ग के लिए 423, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 416, अनुसूचित जाति के लिए 410, अनुसूचित जनजाति के लिए 414 और दिव्यांग श्रेणी के लिए 399 अंक तय किए गए

29 नवंबर को होगी चार विषयों की टीईटी परीक्षा: डॉ. राजेश शर्मा

न्यूज चौपाल/ शिमला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से संचालित की जाने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) नवंबर-2026 के तहत चार प्रमुख विषयों के अभ्यर्थियों का इंतजार खत्म हो गया है। बोर्ड ने आगामी 29 नवंबर को होने वाली इन परीक्षाओं के लिए एडमिट कार्ड अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। इस एक दिवसीय परीक्षा में प्रदेश भर के कुल 9,012 अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमाएंगे, जिसके लिए बोर्ड द्वारा पुख्ता इंतजाम करते हुए कुल 74 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं।

बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि टीजीटी नॉन-मेडिकल, टीजीटी संस्कृत, स्पेशल एजुकेटर (कक्षा छठी से बारहवीं) और स्पेशल एजुकेटर (प्री-प्राइमरी से कक्षा पांचवीं) विषयों के प्रवेश पत्र गुरुवार, 26 नवंबर से ऑनलाइन उपलब्ध करा दिए गए हैं। ये सभी परीक्षाएं 29 नवंबर, 2026 को दो अलग-अलग सत्रों में संपन्न होंगी और प्रत्येक परीक्षा की अवधि ढाई घंटे (2 घंटे 30 मिनट) निर्धारित की गई है।



परीक्षा के शेड्यूल के अनुसार, प्रातःकालीन सत्र में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक टीजीटी नॉन-मेडिकल और स्पेशल एजुकेटर (छठी से बारहवीं) की परीक्षा ली जाएगी। इसमें टीजीटी नॉन-मेडिकल के सर्वाधिक 6,315 अभ्यर्थी 45 केंद्रों पर तथा स्पेशल एजुकेटर के 133 अभ्यर्थी 3 केंद्रों पर परीक्षा देंगे। वहीं, सायंकालीन सत्र में दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक टीजीटी संस्कृत और स्पेशल एजुकेटर (प्री-प्राइमरी से पांचवीं) की परीक्षा आयोजित होगी। इसमें टीजीटी संस्कृत के 2,066 परीक्षार्थी 23 केंद्रों में और स्पेशल एजुकेटर के 498 परीक्षार्थी 3 परीक्षा केंद्रों में बैठेंगे।

अभ्यर्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर जाकर 'TET' लिंक के माध्यम से अपना एप्लीकेशन नंबर और जन्मतिथि (Date of Birth) दर्ज कर आसानी से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. शर्मा ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए समय रहते अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और उस पर दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें। किसी भी तकनीकी समस्या या अतिरिक्त जानकारी के लिए अभ्यर्थी बोर्ड के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

NOVEMBER 27, FRIDAY HIMACHAL PRADESH

The Sunny Times

GAME ON FOR TEACHING ASPIRANTS: HPBOSE ROLLS OUT HALL TICKETS FOR NOV 29 TET

The Sunny Times | Dharamshala|

The wait is officially over for teaching aspirants across Himachal Pradesh. The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has released the admit cards for the November 2026 Teacher Eligibility Test (TET) covering four major subjects, setting the stage for a high-stakes, single-day exam on November 29. A total of 9,012 candidates will put their preparation to the test across 74 tightly managed examination centers statewide.

Board Chairman Dr. Rajesh Sharma confirmed that hall tickets for TGT Non-Medical, TGT Sanskrit, Special Educator (Classes 6 to 12), and Special Educator (Pre-Primary to Class 5) went live online on Thursday, November 26. All four exams will run for two and a half hours each, split cleanly into morning and evening shifts to ensure smooth operations.

During the morning session from 10:00 AM to 12:30 PM, 6,315 TGT Non-Medical candidates will appear at 45 centers, alongside 133 Special Educator (Classes 6–12) aspirants stationed across three centers. The afternoon shift, running from 2:00 PM to 4:30 PM, will see 2,066 TGT Sanskrit candidates competing at 23 centers, while 498 Special Educator (Pre-Primary to Class 5) applicants take their exams across three centers.

Candidates can grab their admit cards right now by visiting the official HPBOSE website at www.hpbose.org, clicking the TET link, and logging in with their application number and date of birth.

Urging applicants not to leave things to the last minute, Dr. Sharma advised everyone to download their hall tickets early, read the instructions carefully, and reach their exam venues well ahead of time. Anyone facing technical glitches or needing extra clarity can reach out directly to the board's helpline at 01892-242192.

